an>

Title: Regarding situation arising out of heavy traffic on the N.H. No. 80 passing through Bhagalpur, Bihar.

श्री शैलेश कुमार (भागलपुर) : अध्यक्ष महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र भागलपुर से गुज़रने वाले मात्र दो लेन की एन.एच. 80 की स्थिति कई वर्षों से दयनीय बनी हुई है। एन.एच. 80 की दुर्दशा पर तत्काल संज्ञान लेने की आवश्यकता है।

महोदया, यह भागलपुर की सब से बड़ी समस्या है। सड़क की बर्बाद स्थिति की वजह से भागलपुर में जाम की समस्या नासूर बन गई है। खासकर, शहर से लेकर कहलगांव, पूरी तरह इसकी चपेट में है। सड़कों पर ट्रकों का आतंक मचा हुआ है। प्रतिदिन लगातार लगभग पांच हजार ट्रक्स स्टोन चिप्स लेकर जाते हैं, जिसने लोगों को तबाह और बर्बाद कर के रखा हुआ है। इस कारण सड़क पूरी तरह जाम रहती है। आज भागलपुर पूरी तरह जाम की चपेट में है।

महोदया, इस मामले को एन.डी.टी.वी. प्राइम टाइम में दिखाया गया था। विभिन्न संगठनों के द्वारा विरोध प्रदर्शन भी किए गए। लेकिन इसके बावजूद भी जब सुधार नहीं हुआ, तो मैंने 24 किलोमीटर पैदल चलकर इसके बारे में शासन और प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करने का प्रयास किया। लेकिन इसके बावूजद भी आज तक पूरा शहर जाम की स्थिति में है। वह सड़क लगभग चार-चार दिनों तक जाम में रहती है। निशिकान्त भाई साहब यहां पर हैं। इनकी माता जी जब बीमार पड़ गईं, तो ये चार घंटे के बाद डॉक्टर के यहां भागलपुर पहुंच पाए।

महोदया, मैं आपके माध्यम से एन.एच. 80 की दुर्दशा के बारे में पर्सनली रिक्वेस्ट करूंगा। मैं चाहूंगा कि सब से पहले दो लेन की यह जो सड़क है, इसको बढ़िया तरीके से जाम से मुक्ति दिलाई जाए और मुंगेर से लेकर मिर्ज़ा चौकी तक इसे फोर लेन की सड़क बनवाने का काम किया जाए। यह सड़क बहुत बुरी स्थिति में है। यह नासूर बन गई है।

महोदया, एन.एच. 106 पर भी 36 किलोमीटर की प्रॉब्लम फंसी हुई है। मैं उसकी ओर भी आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री निशिकान्त दुबे,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री शरद त्रिपाठी, एवं

डॉ. कुलमणि सामल को श्री शैलेश कुमार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।